मीडिया समन्वयक कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 28 नवंबर 2017

# अंतरराष्ट्रीय भूवैज्ञानिक सम्मेलन के लिए जेएमआई वीसी साइंटिफिक प्रोग्रामिंग समिति के प्रमुख बनाए गए

भारत में 2020 में होने जा रहे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय भू–वैज्ञानिक सम्मेलन यानी '' ओलिंपिक्स ऑफ जियोसाइन्सेस '' के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया ःजेएमआईः के वाइस चांसलर और विख्यात भूवैज्ञानिक प्रो तलत अहमद को इसकी साइंटिफिक प्रोग्रामिंग समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

छत्तीस साल बात भारत में होने जा रहे इस ओलिंपिक्स ऑफ जियोसाइन्सेस की तैयारियों के सिलसिले में अंतरराष्ट्रीय भूवैज्ञानिक संघ ःआईयूजीएसः का एक प्रतिनिधिमंडल भारत आया हुआ है जिसने जेएमआई में प्रो अहमद से मुलाकात की।

जामिया मिल्लिया में इसकी तैयारी बैठक में आईयूजीएस के अध्यक्ष प्रो छिमिंग चेंग, महासचिव प्रो एस सी फिने और कोशाध्यक्ष प्रो एच कित्ज़ातो ने विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर तथा अन्य वरिष्ठ अध्यापकों एवं अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया।

इस सम्मेलन के आयोजन में खनिज एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी ःआईएनएसएः सहयोग कर रहे हैं।

आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में 2012 में हुए ओलिंपिक्स ऑफ जियोसाइन्सेस में 2020 की मेज़बानी भारत ने जीती। इससे पहले भारत में यह 'ओलिंपिक्स' 1964 में हुआ था। ओलंपिक खेलों की तरह इसकी अगली मेज़बानी चार साल पहले चुनाव द्वारा घोषित कर दी जाती है।

इस 36 वें ओलिंपिक्स ऑफ जियोसाइन्सेस की संगठन समिति की अध्यक्षता पद्मश्री से सम्मानित प्रो वी पी डिमरी कर रहे हैं जो कि राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान के निदेशक रह चुके हैं।

**प्रो साइमा सईद**

**मीडिया कोऑर्डनैटर**